## खंड (क) सामान्य अध्ययन/Section (A) General Studies

1. कौन-सी संधि भारत और नेपाल के बीच विशेष और स्थायी संबंधों की आधारशिला है ?

(A) सुगौली की संधि (1816)

(B) शांति और मैत्री संधि (1950)

(C) बीबीआईएन सहयोग समझौता (2014)

(D) भारत-नेपाल संयुक्त आयोग संधि (2015)

Which treaty forms the bedrock of the special and enduring relationship between India and Nepal ?

(A) Treaty of Sugauli (1816)

(B) Treaty of Peace and Friendship (1950)

(C) BBIN Cooperation Agreement (2014)

(D) Indo-Nepal Joint Commission Treaty (2015)

2. समुद्रगुप्त की उपलब्धियों की प्रशंसा करने वाली 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना किसने की ?

(A) विशाखदत्त (B) हरिषेण (C) कालिदास (D) बाणभट्ट

Who composed the 'Prayāga Praśasti' that praised the achievements of Samudragupta ?

(A) Vishakhadatta (B) Harishena (C) Kalidasa (D) Banabhatta

3. महापद्म नंद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) उन्होंने नंद वंश की स्थापना की और अपनी आर्थिक शक्ति को दर्शाते हुए सिक्के जारी किए।

(B) उन्होंने केवल मगध क्षेत्र पर शासन किया, इसका विस्तार नहीं किया।

(C) यूनानी स्रोत उनकी सेना को छोटी और सैन्य दृष्टि से महत्त्वहीन बताते हैं।

(D) वे बौद्ध धर्म के महान संरक्षक थे और भिक्षुओं को दूर-दराज के क्षेत्रों में भेजते थे।

Which of the following statements about Mahāpadma Nanda is correct ?

(A) He founded the Nanda dynasty and issued coins reflecting his economic strength.

(B) He ruled only the region of Magadha without expanding it.

(C) Greek sources describe his army as small and militarily insignificant.

(D) He was a great patron of Buddhism and sent monks to distant regions.

4. पुष्यमित्र शुंग द्वारा शासक के रूप में अपनी शक्ति स्थापित करने के लिए किए गए महत्त्वपूर्ण कार्यों में से एक क्या था ?

(A) एक नई मुद्रा प्रणाली शुरू की

(B) अश्वमेध यज्ञ किया

(C) चंद्रगुप्त के साथ संधि पर हस्ताक्षर किए

(D) एक विशाल बौद्ध मठ का निर्माण किया

What was one of the significant actions taken by Puṣyamitra Śunga to assert his power as a ruler ?

(A) Introduced a new coinage system

(B) Performed the ashvamedha yajña

(C) Signed a treaty with Chandragupta

(D) Built a large Buddhist monastery

5. 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) की मेजबानी पहली बार बिहार में की गई। वे अधिकतर किन शहरों में आयोजित किए गए ?

(A) पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगुसराय

(B) पटना, मुंगेर, गया, भागलपुर और मधुबनी

(C) पटना, मुज़फ्फरपुर, गया, भागलपुर और बेगुसराय

(D) पटना, पूर्णिया, गया, भागलपुर और दरभंगा

The 7th Khelo India Youth Games (KIYG) were hosted for the first time in Bihar. In which cities were they mostly conducted ?

(A) Patna, Rajgir, Gaya, Bhagalpur and Begusarai

(B) Patna, Munger, Gaya, Bhagalpur and Madhubani

(C) Patna, Muzaffarpur, Gaya, Bhagalpur and Begusarai

(D) Patna, Purnea, Gaya, Bhagalpur and Darbhanga

6. किस मंत्रालय ने बेयरफुट टेक्नीशियन (BFT) परियोजना शुरू की और यह किस उद्देश्य से शुरू की गई थी ?

(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय; स्थानीय युवाओं को कंप्यूटर कौशल का प्रशिक्षण देना

(B) पंचायती राज मंत्रालय; स्थानीय शासन जागरूकता को बढ़ावा देना

(C) ग्रामीण विकास मंत्रालय; मनरेगा कार्य मापन के लिए सिविल इंजीनियरिंग कौशल में चयनित स्थानीय व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना

(D) शहरी विकास मंत्रालय; शहरी अवसंरचना नियोजन

Which ministry launched the Barefoot Technician (BFT) Project and for what purpose was it initiated ?

(A) Ministry of Rural Development; training local youth in computer skills

(B) Ministry of Panchayati Raj; promoting local governance awareness

(C) Ministry of Rural Development; training selected local individuals in civil engineering skills for MGNREGA work measurement

(D) Ministry of Urban Development; urban infrastructure planning

7. बिहार की आधिकारिक भाषाएँ कौन-सी हैं ?

(A) हिंदी, संस्कृत और उर्दू

(B) हिंदी, मैथिली और भोजपुरी

(C) हिंदी और उर्दू

(D) हिंदी और अंग्रेजी

Which are the official languages of Bihar ?

(A) Hindi, Sanskrit and Urdu

(B) Hindi, Maithili and Bhojpuri

(C) Hindi and Urdu

(D) Hindi and English

8. 2014 में अपने विघटन तक किस संस्था ने पंचवर्षीय योजनाएँ तैयार कीं ?

(A) राष्ट्रीय विकास परिषद

(B) वित्त आयोग

(C) नीति आयोग

(D) योजना आयोग

Which institution prepared the Five-Year Plans until its dissolution in 2014 ?

(A) National Development Council

(B) Finance Commission

(C) NITI Aayog

(D) Planning Commission

9. दिसंबर 2024 में कौन-सा खिलाड़ी सबसे कम उम्र का विश्व शतरंज चैंपियन बन गया ?

(A) विदित गुजराती
(B) अर्जुन एरिगैसी
(C) प्रज्ञानन्द आर.
(D) गुकेश डी.

Which sportsperson became the youngest-ever World Chess Champion in December 2024 ?

(A) Vidit Gujrathi
(B) Arjun Erigaisi
(C) Praggnanandhaa R.
(D) Gukesh D.

10. 2025 दलीप ट्रॉफी में, बिहार में जन्मे किस खिलाड़ी को पूर्वी क्षेत्र क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया ?

(A) अभिमन्यु ईश्वरन
(B) ईशान किशन
(C) मोहम्मद शमी
(D) शाहबाज़ नदीम

In the 2025 Duleep Trophy, which Bihar-born player was appointed captain of the East Zone cricket squad ?

(A) Abhimanyu Easwaran
(B) Ishan Kishan
(C) Mohammed Shami
(D) Shahbaz Nadeem

11. अप्रैल 2025 में टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास के चौथे संस्करण में भारत और किस अन्य देश की सशस्त्र सेनाओं ने पहली बार संयुक्त रूप से भाग लिया ?

(A) ऑस्ट्रेलिया
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) यूनाइटेड किंगडम
(D) जापान

The 4th edition of Exercise Tiger Triumph in April 2025 involved India and which other country's armed forces operating jointly for the first time ?

(A) Australia
(B) United States of America
(C) United Kingdom
(D) Japan

12. 7 मई, 2025 को 244 ज़िलों में आयोजित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल, ऑपरेशन अभ्यास, किस भारतीय संस्था द्वारा आयोजित किया गया था ?

(A) वित्त मंत्रालय
(B) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)
(C) गृह मंत्रालय
(D) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

Operation Abhyaas, the nationwide civil defence mock drill held on 7 May, 2025 across 244 districts, was organised by which Indian body ?

(A) Ministry of Finance
(B) Indian Council of Medical Research (ICMR)
(C) Ministry of Home Affairs
(D) Defence Research and Development Organisation (DRDO)

13. __________ श्रीलंका की विधायी प्रशासनिक राजधानी है।

(A) गाले थिरंगमा पुरा
(B) कैंडी उदारता राजधानिया
(C) श्री जयवर्धनेपुरा कोट्टे
(D) कोलंबो महारागम पुराण

__________ is the legislative administrative capital of Sri Lanka.

(A) Galle Thirangama Pura
(B) Kandy Udarata Rajadhaniya
(C) Sri Jayawardenepura Kotte
(D) Colombo Maharagama Purana

14. कॉलम – G20 देश (कॉलम A) और उनकी मुद्राएँ (कॉलम B) का मिलान कीजिए :

| | *कॉलम A (देश)* | | *कॉलम B (मुद्रा)* |
|---|---|---|---|
| a. | इंडोनेशिया | i. | पेसो |
| b. | चीन | ii. | युआन |
| c. | दक्षिण अफ्रीका | iii. | रुपिआह |
| d. | मेक्सिको | iv. | रैंड |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

Match the Columns – G20 Countries (Column A) and their Currencies (Column B) :

| | *Column A (Country)* | | *Column B (Currency)* |
|---|---|---|---|
| a. | Indonesia | i. | Peso |
| b. | China | ii. | Yuan |
| c. | South Africa | iii. | Rupiah |
| d. | Mexico | iv. | Rand |

**Options :**

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

15. किस देश की तीन अलग-अलग राजधानियाँ हैं – जो क्रमशः सरकार के कार्यकारी, विधायी और न्यायिक केंद्र के रूप में कार्य करती हैं ?

(A) मलेशिया
(B) दक्षिण अफ्रीका
(C) नीदरलैंड
(D) बोलीविया

Which country has three distinct capitals – serving as the Executive, Legislative and Judicial centres of government, respectively ?

(A) Malaysia
(B) South Africa
(C) Netherlands
(D) Bolivia

16. इसरो द्वारा विकसित उस महिला मानवरूपी रोबोट का नाम क्या है जिसे 2024 में गगनयान मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन के अग्रदूत के रूप में एक मानवरहित परीक्षण उड़ान पर भेजा गया था ?

(A) गगन-सखी
(B) नाभा-नारी
(C) व्योममित्रा
(D) मित्रा

What is the name of the female humanoid robot developed by ISRO that was sent on an uncrewed test flight in 2024 as a precursor to the Gaganyaan manned space mission ?

(A) Gagan-Sakhi
(B) Nabha-Nari
(C) Vyommitra
(D) Mitra

17. विधान परिषद में सदस्यों के कार्यकाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) इसके एक-तिहाई सदस्य हर दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते हैं।
(B) सभी सदस्यों का कार्यकाल दस वर्ष बाद पूरा होता है।
(C) सभी सदस्यों का चुनाव पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है।
(D) विधान परिषद हर पाँच वर्ष में भंग हो जाती है।

Which of the following statements is correct about the tenure of members in the Legislative Council ?

(A) One-third of its members retire every second year.
(B) All members complete their term after ten years.
(C) All members are elected to serve a term of five years.
(D) The Legislative Council gets dissolved every five years.

18. लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम 2013 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन लोकपाल के चयन हेतु चयन समिति का भाग *नहीं* है ?

(A) भारत के उपराष्ट्रपति
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(C) लोकसभा में विपक्ष के नेता
(D) भारत के प्रधानमंत्री

Under the Lokpal and Lokayuktas Act 2013, which one of the following is ***not*** a part of the Selection Committee for the selection of the Lokpal ?

(A) Vice President of India
(B) Chief Justice of India
(C) Leader of the Opposition in the Lok Sabha
(D) Prime Minister of India

19. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी सूचियाँ क्रमशः राज्य और समवर्ती विधायी शक्तियों को परिभाषित करती हैं ?

(A) सूची I और IV
(B) सूची I और II
(C) सूची II और III
(D) सूची III और IV

As per the Seventh Schedule of the Constitution of India, which of the following lists define State and Concurrent legislative powers respectively ?

(A) Lists I and IV
(B) Lists I and II
(C) Lists II and III
(D) Lists III and IV

20. निम्नलिखित में से किस राज्य का एक अभियान है, 'प्यार का पौधा' जिसके अंतर्गत लोगों से अनुरोध किया गया कि कटे हुए फूलों के बजाय जीवित पौध उपहार में देने चाहिए ?

(A) सिक्किम
(B) मध्य प्रदेश
(C) बिहार
(D) अरुणाचल प्रदेश

Which of the following states has a campaign, 'Pyar Ka Paudha (Plant of Love)' asking people to gift live plant saplings instead of cut flowers ?

(A) Sikkim
(B) Madhya Pradesh
(C) Bihar
(D) Arunachal Pradesh

21. संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना किस तिथि को अपनाई गई थी ?

(A) 30 जनवरी, 1950
(B) 26 जनवरी, 1950
(C) 26 नवंबर, 1949
(D) 15 अगस्त, 1947

On which date was the Preamble to the Constitution of India adopted by the Constituent Assembly ?

(A) January 30, 1950
(B) January 26, 1950
(C) November 26, 1949
(D) August 15, 1947

22. पीएम-कुसुम के घटक-बी के अंतर्गत, यदि एकल सौर कृषि पंप के लिए बैंक वित्त का लाभ उठाया जाता है, तो किसान को प्रारंभ में कितना हिस्सा (स्वयं का अंशदान) देना होगा ?

(A) लागत का 10%
(B) लागत का 40%
(C) लागत का 30%
(D) लागत का 20%

Under Component-B of PM-KUSUM, what is the share that a farmer is required to initially pay (own contribution), if bank finance is availed for a stand-alone solar agriculture pump ?

(A) 10% of the cost
(B) 40% of the cost
(C) 30% of the cost
(D) 20% of the cost

23. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत परियोजना उन्नति के उद्देश्य को सही ढंग से दर्शाता है ?

(A) सभी ग्रामीण परिवारों को मनरेगा के अंतर्गत 100% कौशल प्रदान करना
(B) सभी मनरेगा श्रमिकों के लिए शहरी रोजगार उपलब्ध कराना
(C) आजीविका संवर्धन के लिए 20% सक्रिय मनरेगा श्रमिक परिवारों को प्रशिक्षित करना
(D) मनरेगा के स्थान पर केवल स्व-रोजगार योजनाएँ लागू करना

Which of the following correctly states the aim of Project UNNATI under the Ministry of Rural Development ?

(A) To skill 100% of all rural households under MGNREGA
(B) To provide urban job placements for all MGNREGA workers
(C) To train 20% of active MGNREGA workers' households for livelihood promotion
(D) To replace MGNREGA with self-employment schemes only

24. पहला संविधान संशोधन अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था ?

(A) 1950

(B) 1956

(C) 1951

(D) 1952

In which year was the First Constitutional Amendment Act passed ?

(A) 1950

(B) 1956

(C) 1951

(D) 1952

25. *"आफ्टर ट्वेंटी इयर्स"* के लेखक कौन हैं ?

(A) ओ. हेनरी

(B) जे. हेनरी

(C) सेकी

(D) हेक्टर प्रिचार्ड

Who is the author of *"After Twenty Years"* ?

(A) O. Henry

(B) J. Henry

(C) Seki

(D) Hector Prichard

26. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा आठवीं अनुसूची की मूल 14 भाषाओं के बाद सबसे पहले जोड़ी गई थी और इसे किस वर्ष शामिल किया गया था ?

(A) बोडो; 2004

(B) सिंधी; 1967

(C) कोंकणी; 1992

(D) नेपाली; 1992

Which of the following languages was the first to be added after the original 14 languages of the Eighth Schedule and in which year was it included ?

(A) Bodo; 2004

(B) Sindhi; 1967

(C) Konkani; 1992

(D) Nepali; 1992

27. भारत वर्तमान में आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से कौन-सी भाषा उनमें से एक ***नहीं*** है ?

(A) भोजपुरी (B) संथाली (C) मैथिली (D) डोगरी

India currently recognizes 22 languages in the Eighth Schedule. Which of these languages is ***not*** one of them ?

(A) Bhojpuri (B) Santhali (C) Maithili (D) Dogri

28. प्लाज़्मा अनुसंधान के लिए भारत में विकसित टोकामक रिएक्टर का नाम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) साइरस (CIRUS)

(B) ध्रुव

(C) तारापुर

(D) आदित्य (ADITYA)

Which of the following is the name of a tokamak reactor developed in India for plasma research ?

(A) CIRUS

(B) Dhruva

(C) Tarapur

(D) ADITYA

29. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन का कर्तव्य किस अनुच्छेद के अंतर्गत शामिल है ?

(A) अनुच्छेद 39A
(B) अनुच्छेद 48A
(C) अनुच्छेद 43A
(D) अनुच्छेद 51A

Under which Article do the Directive Principles of State Policy include a duty to protect and improve the environment ?

(A) Article 39A
(B) Article 48A
(C) Article 43A
(D) Article 51A

30. *अभिकथन (A)* : संविधान संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों द्वारा अलग-अलग पारित किया जाना चाहिए।
*कारण (R)* : संविधान में किसी संवैधानिक संशोधन विधेयक पर गतिरोध को सुलझाने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।
(B) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।
(C) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।
(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

*Assertion (A) :* A Constitutional Amendment Bill must be passed by both Houses of Parliament separately.
*Reason (R) :* The Constitution provides for a joint sitting of both Houses to resolve a deadlock over a Constitutional Amendment Bill.

**Options :**

(A) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(B) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.
(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).
(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

31. अधिकार पृच्छा रिट तब जारी की जाती है जब :

(A) कोई सरकार अपने कर्तव्यों का पालन करने से इनकार करती है
(B) कोई कानून संविधान का उल्लंघन करता है
(C) कोई व्यक्ति बिना कानूनी अधिकार के सार्वजनिक पद धारण करता है
(D) किसी व्यक्ति को बिना मुकदमे के हिरासत में लिया जाता है

The writ of Quo Warranto is issued when :

(A) A government refuses to perform its duties
(B) A law violates the Constitution
(C) A person holds a public office without legal authority
(D) A person is detained without trial

32. भारतीय रुपये के प्रतीक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. यह प्रतीक देवनागरी "र" और रोमन "R" को एकीकृत करता है।

II. दो क्षैतिज रेखाएँ राष्ट्रीय ध्वज और "बराबर" चिन्ह का प्रतिनिधित्व करती हैं।

III. इसका चयन बिना किसी सार्वजनिक प्रतियोगिता के किया गया था।

IV. इसे 2010 से पहले अपनाया गया था।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III (B) केवल II और IV (C) केवल I, III और IV (D) केवल I और II

Which of the following statements about the Indian Rupee symbol are correct ?

I. The symbol integrates Devanagari "र" and Roman "R".

II. The two horizontal lines represent the national flag and "equal to" sign.

III. It was selected without any public competition.

IV. It was adopted before 2010.

**Options :**

(A) Only I, II and III (B) Only II and IV (C) Only I, III and IV (D) Only I and II

33. किस संगठन ने भारत की पहली फ्रैंचाइज़ी-आधारित शूटिंग लीग, शूटिंग लीग ऑफ़ इंडिया (एसएलआई) शुरू करने की घोषणा की है ?

(A) भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई)

(B) भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई)

(C) भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)

(D) युवा मामले और खेल मंत्रालय

Which organization has announced the launch of India's first franchise-based shooting league, the Shooting League of India (SLI) ?

(A) Sports Authority of India (SAI)

(B) National Rifle Association of India (NRAI)

(C) Indian Olympic Association (IOA)

(D) Ministry of Youth Affairs and Sports

34. विक्रमशिला, एक महत्त्वपूर्ण मध्ययुगीन बौद्ध विश्वविद्यालय, बिहार में किस पाल सम्राट द्वारा स्थापित किया गया था ?

(A) देवपाल (B) गोपाल द्वितीय (C) नारायणपाल (D) धर्मपाल

Vikramashila, a significant medieval Buddhist university, was founded in Bihar by which Pala emperor ?

(A) Devapala (B) Gopala II (C) Narayanapala (D) Dharmapala

35. बिहार को पहली बार किस वर्ष बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके एक पृथक् प्रांत बनाया गया था ?

(A) 1912 (B) 1905 (C) 1935 (D) 1947

In which year was Bihar first separated from the Bengal Presidency to be created as a distinct province ?

(A) 1912 (B) 1905 (C) 1935 (D) 1947

36. 'बारानाजा' नामक पारंपरिक मिश्रित फसल प्रणाली, जिसमें बारह विभिन्न फसलों की एक साथ खेती शामिल है, किस भारतीय राज्य में प्रचलित है ?

(A) उत्तराखंड
(B) तमिलनाडु
(C) ओडिशा
(D) राजस्थान

The traditional mixed cropping system known as 'Baranaja,' which involves the cultivation of twelve different crops together, is practised in which Indian state ?

(A) Uttarakhand
(B) Tamil Nadu
(C) Odisha
(D) Rajasthan

37. ग्राम सभा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) यह पंचायती राज व्यवस्था में एकमात्र स्थायी इकाई है।
(B) इसका गठन 5 वर्ष की एक निश्चित अवधि के लिए किया जाता है।
(C) इसके प्रतिनिधि निर्वाचित नहीं होते हैं।
(D) इसकी शक्तियाँ और कार्य राज्य विधानमंडल द्वारा कानून द्वारा निर्धारित किए जाते हैं।

Which of the following statements is ***incorrect*** for Gram Sabha ?

(A) It is the only permanent unit in Panchayati Raj system.
(B) It is constituted for a particular period of 5 years.
(C) The representatives are not elected.
(D) Its powers and functions are fixed by state legislature by law.

38. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संघीय व्यवस्था की विशिष्ट विशेषता ***नहीं*** है ?

(A) संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का विभाजन
(B) स्वतंत्र न्यायपालिका
(C) दोहरी नागरिकता
(D) संविधान की सर्वोच्चता

Which of the following is ***not*** a characteristic feature of the Indian federal system ?

(A) Division of legislative powers between Union and States
(B) Independent judiciary
(C) Dual citizenship
(D) Supremacy of the Constitution

39. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने अपनी मौद्रिक नीति समिति (MPC) बैठक के दौरान अप्रैल 2025 में क्या रेपो दर निर्धारित की ?

(A) 4·50%
(B) 5·00%
(C) 6·00%
(D) 7·25%

What repo rate did the Reserve Bank of India (RBI) set in April 2025 during its Monetary Policy Committee (MPC) meeting ?

(A) 4·50%
(B) 5·00%
(C) 6·00%
(D) 7·25%

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
*कथन I :* विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) 1 से 4 मई, 2025 तक आयोजित किया गया था।
*कथन II :* यह आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में हुआ।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(A) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।
(B) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।
(C) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(D) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

Consider the following statements :
*Statement I :* The World Audio-Visual & Entertainment Summit (WAVES) was held from 1 to 4 May, 2025.
*Statement II :* The event took place at the Bharat Mandapam Convention Centre in New Delhi.
Which of the above statements is/are correct ?
(A) Both Statement I and Statement II incorrect.
(B) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.
(C) Both Statement I and Statement II correct.
(D) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

41. भारत और नेपाल के बीच एक प्रमुख नदी परियोजना के लिए 1966 में ____________ में संशोधन किया गया था।
(A) संयुक्त नदी समझौते
(B) कोसी समझौते
(C) महाकाली संधि
(D) जल बँटवारा समझौते

The ____________ was amended in 1966 for a major river project between India and Nepal.
(A) Joint River Pact
(B) Kosi Agreement
(C) Mahakali Treaty
(D) Water Sharing Accord

42. निम्नलिखित में से कौन आधुनिक भारत-भूटान संबंधों के प्रमुख निर्माता थे ?
(A) महात्मा गाँधी और उग्येन वांगचुक
(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू और महामहिम जिग्मे दोरजी वांगचुक
(C) राजीव गाँधी और जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक
(D) इंदिरा गाँधी और जिग्मे सिंग्ये वांगचुक

Who among the following were the chief architects of modern India-Bhutan relations ?
(A) Mahatma Gandhi and Ugyen Wangchuck
(B) Pandit Jawaharlal Nehru and His Majesty Jigme Dorji Wangchuck
(C) Rajiv Gandhi and Jigme Khesar Namgyel Wangchuck
(D) Indira Gandhi and Jigme Singye Wangchuck

43. विंबलडन 2025 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?
(A) जैनिक सिनर
(B) नोवाक जोकोविच
(C) डेनियल मेदवेदेव
(D) कार्लोस अल्कराज़

Who won the men's singles title at Wimbledon 2025 ?
(A) Jannik Sinner
(B) Novak Djokovic
(C) Daniil Medvedev
(D) Carlos Alcaraz

44. डॉ. अम्बेडकर ने किस वर्ष नासिक के कालाराम मंदिर में मंदिर प्रवेश आंदोलन शुरू किया ?

(A) 1923 (B) 1927 (C) 1932 (D) 1930

In which year did Dr. Ambedkar initiate the Temple Entry Movement at Kalaram Temple in Nashik ?

(A) 1923 (B) 1927 (C) 1932 (D) 1930

45. महात्मा गाँधी के नेतृत्व में ऐतिहासिक दांडी यात्रा किस तिथि को शुरू हुई थी ?

(A) 12 मार्च, 1930

(B) 6 अप्रैल, 1930

(C) 1 अप्रैल, 1930

(D) 2 मार्च, 1930

On which date did the historic Dandi March led by Mahatma Gandhi commence ?

(A) March 12, 1930

(B) April 6, 1930

(C) April 1, 1930

(D) March 2, 1930

46. वायु प्रदूषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. कणिकीय पदार्थ (PM2.5) फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं और श्वसन संबंधी समस्याएँ पैदा कर सकते हैं।

II. कार्बन मोनोऑक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन गैस है जो रक्त की ऑक्सीजन-वहन क्षमता को कम करती है।

III. सल्फर डाइऑक्साइड मुख्यतः ज्वालामुखी विस्फोटों से उत्सर्जित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से *ग़लत* है/हैं ?

(A) केवल III

(B) केवल I और II

(C) I, II और III

(D) केवल I

Consider the following statements regarding air pollution :

I. Particulate matter (PM2.5) can penetrate deep into the lungs and cause respiratory problems.

II. Carbon monoxide is a colourless, odourless gas that reduces the oxygen-carrying capacity of blood.

III. Sulphur dioxide is primarily emitted from volcanic eruptions.

Which of the statements above is/are ***incorrect*** ?

(A) III only

(B) I and II only

(C) I, II and III

(D) I only

47. 1917 के चंपारण सत्याग्रह, जो महात्मा गाँधी का भारत में पहला बड़ा सत्याग्रह था, के बाद किस कृषि प्रणाली को समाप्त कर दिया गया था ?

(A) तिनकठिया प्रणाली

(B) महालवाड़ी प्रणाली

(C) रैयतवाड़ी प्रणाली

(D) स्थायी बंदोबस्त

Which system of cultivation was abolished following the Champaran Satyagraha of 1917, Mahatma Gandhi's first major Satyagraha in India ?

(A) Tinkathia System

(B) Mahalwari System

(C) Ryotwari System

(D) Permanent Settlement

48. *अभिकथन (A) :* तृतीयक क्षेत्र में केवल वे गतिविधियाँ शामिल हैं जो सीधे तौर पर वस्तुओं के उत्पादन में मदद करती हैं।
*कारण (R) :* तृतीयक क्षेत्र की कुछ सेवाएँ, जैसे शिक्षण और चिकित्सा सेवाएँ, सीधे तौर पर वस्तुओं के उत्पादन में सहायक नहीं होती हैं।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(C) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।
(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

*Assertion (A) :* Tertiary sector includes only activities that directly help in producing goods.
*Reason (R) :* Some services in the tertiary sector do not directly support goods production, like teaching and medical services.

**Options :**

(A) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).
(C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.
(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

49. भारत के पाइराइट भंडार का लगभग 95% हिस्सा बिहार में है। बिहार में पाइराइट का खनन मुख्यतः कहाँ होता है ?

(A) रोहतास
(B) भागलपुर
(C) मुंगेर
(D) नवादा

Bihar accounts for approximately 95% of India's pyrite reserves. Where is pyrite predominantly mined in Bihar ?

(A) Rohtas
(B) Bhagalpur
(C) Munger
(D) Nawada

50. कौन-सा विकल्प उच्च तुंगता पर ओज़ोन निर्माण की सही क्रियाविधि को स्पष्ट करता है ?

(A) कार्बन डाइऑक्साइड पराबैंगनी (UV) किरणों को अवशोषित करके ओज़ोन अणुओं में परिवर्तित हो जाती है।
(B) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके ओज़ोन गैस उत्पन्न करते हैं।
(C) पराबैंगनी (UV) किरणें ऑक्सीजन अणुओं को तोड़ देती हैं और मुक्त परमाणु $O_2$ के साथ मिलकर ओज़ोन बनाते हैं।
(D) सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर ऑक्सीजन परमाणु नाइट्रोजन अणुओं से जुड़ जाते हैं।

Which option explains the correct mechanism of ozone formation at higher altitudes ?

(A) Carbon dioxide absorbs UV rays and converts into ozone molecules.
(B) Chlorofluorocarbons react with oxygen to generate ozone gas.
(C) UV rays break oxygen molecules and free atoms combine with $O_2$ to form ozone.
(D) Oxygen atoms join nitrogen molecules when exposed to sunlight.

51. भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में किस लिपि को "कई लिपियों के परिवारों और उप-परिवारों के जनक" के रूप में वर्णित किया गया है ?

(A) ब्राह्मी (B) ग्रंथ (C) खरोष्ठी (D) देवनागरी

Which script is described as the "parent of several families and sub-families of scripts" in India and South-east Asia ?

(A) Brahmi (B) Grantha (C) Kharosthi (D) Devanagari

52. भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2016 में जारी की गई पुस्तक *'सिटिज़न एंड सोसाइटी'* किस संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा लिखी गई थी ?

(A) मोहम्मद हामिद अंसारी, उपराष्ट्रपति

(B) प्रणब मुखर्जी, राष्ट्रपति

(C) एम. वेंकैया नायडू, उपराष्ट्रपति

(D) डॉ. मनमोहन सिंह, प्रधानमंत्री

The book titled *'Citizen and Society'*, released in 2016 by the President of India, was authored by which constitutional authority ?

(A) Mohammad Hamid Ansari, Vice President

(B) Pranab Mukherjee, President

(C) M. Venkaiah Naidu, Vice President

(D) Dr. Manmohan Singh, Prime Minister

53. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | *कॉलम A (लेखक/कवि)* | | *कॉलम B (पुस्तक/कविता)* |
|---|---|---|---|
| a. | जॉन मिल्टन | i. | *पैराडाइज़ लॉस्ट* |
| b. | सरोजिनी नायडू | ii. | *द गोल्डन थ्रेशोल्ड* |
| c. | होमर | iii. | *द इलियड* |
| d. | रॉबर्ट फ्रॉस्ट | iv. | *द रोड नॉट टेकन* |

**कूट :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

Match the following :

| | *Column A (Author/Poet)* | | *Column B (Book/Poem)* |
|---|---|---|---|
| a. | John Milton | i. | *Paradise Lost* |
| b. | Sarojini Naidu | ii. | *The Golden Threshold* |
| c. | Homer | iii. | *The Iliad* |
| d. | Robert Frost | iv. | *The Road Not Taken* |

**Codes :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

54. पंचायती राज मंत्रालय राज्यों में किस प्रक्रिया की देखरेख करता है ?

(A) विकेन्द्रीकरण

(B) क्षमता निर्माण

(C) शहरी नियोजन

(D) केन्द्रीकरण

What process does the Panchayati Raj Ministry oversee in States ?

(A) Decentralisation

(B) Capacity building

(C) Urban planning

(D) Centralisation

55. महावीर ने अपना दूसरा समवसरण निम्नलिखित में से किस शहर में किया था ?

(A) बोधगया

(B) पटना

(C) पावा

(D) नालंदा

In which of the following cities did Mahavira hold his second Samavasarana ?

(A) Bodh Gaya

(B) Patna

(C) Pava

(D) Nalanda

56. भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब और किसके द्वारा शुरू किया गया ?

(A) मार्च 1950; सरदार पटेल

(B) अप्रैल 1954; भीमराव अम्बेडकर

(C) जनवरी 1955; लाल बहादुर शास्त्री

(D) अक्टूबर 1952; जवाहरलाल नेहरू

When and by whom was the Community Development Programme launched in India ?

(A) March 1950; Sardar Patel

(B) April 1954; Bhimrao Ambedkar

(C) January 1955; Lal Bahadur Shastri

(D) October 1952; Jawaharlal Nehru

57. 1993 में 73वें और 74वें संशोधन के बाद, भारत ने किस प्रकार की संघीय संरचना लागू की ?

(A) अर्ध-संघीय संरचना

(B) त्रि-स्तरीय संघीय संरचना

(C) दो-स्तरीय संघीय संरचना

(D) एकात्मक संघीय संरचना

Following the 73rd and 74th Amendments in 1993, India introduced which type of federal structure ?

(A) Quasi-federal structure

(B) Three-tier federal structure

(C) Two-tier federal structure

(D) Unitary federal structure

58. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार किसके सम्मान में दिया जाता है ?

(A) आध्यात्मिक नेतृत्व

(B) सैन्य साहस

(C) वैज्ञानिक अनुसंधान

(D) समकालीन चित्रकला

What is the Shanti Swarup Bhatnagar Prize given in recognition of ?

(A) Spiritual leadership

(B) Military courage

(C) Scientific research

(D) Contemporary painting

**59.** जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (सोलर इंडिया) कब शुरू किया गया था ?

(A) 16 जून, 2010
(B) 16 जून, 2011
(C) 11 जनवरी, 2011
(D) 11 जनवरी, 2010

When was the Jawaharlal Nehru National Solar Mission (Solar India) launched ?

(A) 16 June, 2010
(B) 16 June, 2011
(C) 11 January, 2011
(D) 11 January, 2010

**60.** "कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम करने वाली मूलभूत खोजों और आविष्कारों के लिए" 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया ?

(A) पिएर एगोस्टिनी और ऐन्न एल'हुइलियर
(B) एलेन एस्पेक्ट और एंटोन ज़ीलिंगर
(C) कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन
(D) जॉन जे. हॉपफील्ड और जेफ़्री हिंटन

Who were awarded the 2024 Nobel Prize in Physics "for foundational discoveries and inventions that enable machine learning with artificial neural networks" ?

(A) Pierre Agostini and Anne L'Huillier
(B) Alain Aspect and Anton Zeilinger
(C) Katalin Karikó and Drew Weissman
(D) John J. Hopfield and Geoffrey Hinton

**61.** चन्द्रयान-3 मिशन के लिए किस प्रक्षेपण यान का उपयोग किया गया था ?

(A) PSLV-C25
(B) LVM3-M4
(C) LVM3-XI
(D) GSLV Mk II

Which launch vehicle was used for the Chandrayaan-3 mission ?

(A) PSLV-C25
(B) LVM3-M4
(C) LVM3-XI
(D) GSLV Mk II

**62.** 1976 में, राष्ट्र के प्रति उनकी असाधारण सेवा के लिए मरणोपरांत भारत रत्न से किनको सम्मानित किया गया था ?

(A) लाल बहादुर शास्त्री
(B) मोरारजी देसाई
(C) वी.वी. गिरि
(D) कुमारस्वामी कामराज

In 1976, who was honoured with the Bharat Ratna posthumously for their exceptional service to the nation ?

(A) Lal Bahadur Shastri
(B) Morarji Desai
(C) V.V. Giri
(D) Kumaraswamy Kamaraj

**63.** 21 जून, 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में कितने देशों ने भाग लिया था ?

(A) 210
(B) 150
(C) 175
(D) 191

How many countries participated in the 11th International Day of Yoga on 21 June, 2025 ?

(A) 210
(B) 150
(C) 175
(D) 191

64. बिहार का आधिकारिक राज्य पक्षी कौन-सा है ?

(A) ग्रेट हॉर्नबिल
(B) घरेलू कौआ
(C) भारतीय रॉबिन
(D) घरेलू गौरैया

What is the official state bird of Bihar ?

(A) Great Hornbill
(B) House Crow
(C) Indian Robin
(D) House Sparrow

65. भारत का पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त, 2024 को किस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में मनाया गया ?

(A) भारत के पहले उपग्रह, आर्यभट्ट का प्रक्षेपण
(B) गगनयान क्रू मॉड्यूल का सफल परीक्षण
(C) चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर सफल लैंडिंग
(D) इसरो की एक अंतरिक्ष एजेंसी के रूप में स्थापना

India's first-ever National Space Day was celebrated on 23 August, 2024 to commemorate which historic achievement ?

(A) Launch of India's first satellite, Aryabhata
(B) Successful test of the Gaganyaan crew module
(C) Successful landing of Chandrayaan-3 on the Moon
(D) Establishment of ISRO as a space agency

66. फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ किस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की ?

(A) जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन
(B) एआई एक्शन शिखर सम्मेलन
(C) जी7 शिखर सम्मेलन
(D) विकास शिखर सम्मेलन के लिए प्रौद्योगिकी

Which summit did Prime Minister Modi co-chair with the President of France in February 2025 ?

(A) Climate Action Summit
(B) AI Action Summit
(C) G7 Summit
(D) Technology for Development Summit

67. 14 मई, 2025 को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया ?

(A) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना
(B) न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना
(C) न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़
(D) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई

Who assumed office as the 52nd Chief Justice of India on 14 May, 2025 ?

(A) Justice Sanjiv Khanna
(B) Justice B.V. Nagarathna
(C) Justice D.Y. Chandrachud
(D) Justice Bhushan Ramkrishna Gavai

68. निम्नलिखित में से कौन-सा पृथ्वी की परतों के सबसे भीतरी से सबसे बाहरी क्रम को सही ढंग से दर्शाता है ?

(A) मेंटल ⟶ क्रोड ⟶ भूपर्पटी
(B) क्रोड ⟶ मेंटल ⟶ भूपर्पटी
(C) भूपर्पटी ⟶ मेंटल ⟶ क्रोड
(D) स्थलमंडल ⟶ दुर्बलतामंडल ⟶ क्रोड

Which of the following correctly represents the sequence of Earth's layers from innermost to outermost ?

(A) Mantle ⟶ Core ⟶ Crust
(B) Core ⟶ Mantle ⟶ Crust
(C) Crust ⟶ Mantle ⟶ Core
(D) Lithosphere ⟶ Asthenosphere ⟶ Core

69. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीयक क्षेत्र का व्यवसाय है ?

(A) सामाजिक कार्य
(B) खेती
(C) विनिर्माण
(D) खुदरा व्यापार

Which of the following is a secondary sector occupation ?

(A) Social work
(B) Farming
(C) Manufacturing
(D) Retail trade

70. भारत के किस सांस्कृतिक उत्सव को 2021 में यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में जोड़ा गया ?

(A) गरबा
(B) छाऊ
(C) दुर्गा पूजा
(D) रामलीला

Which cultural festival from India was added to UNESCO's Representative List of the Intangible Cultural Heritage of Humanity in 2021 ?

(A) Garba
(B) Chhau
(C) Durga Puja
(D) Ramlila

71. एनएचपीसी लिमिटेड के स्वामित्व और संचालन वाले 24 बिजलीघरों में से एक, तीस्ता-V पावर स्टेशन, किस भारतीय राज्य में स्थित है ?

(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) उत्तराखंड
(C) सिक्किम
(D) हिमाचल प्रदेश

The Teesta-V Power Station, one of the 24 power stations owned and operated by NHPC Ltd., is located in which Indian state ?

(A) Arunachal Pradesh
(B) Uttarakhand
(C) Sikkim
(D) Himachal Pradesh

72. बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012 – 17) को निम्नलिखित में से कौन-सा उपशीर्षक दिया गया ?

(A) समावेशी संतुलन और साम्यिक विकास

(B) तेज, अधिक समावेशी और सतत विकास

(C) सभी के लिए समता के साथ सतत विकास

(D) तीव्र एवं व्यापक आर्थिक परिवर्तन

The Twelfth Five-Year Plan (2012 – 17) is subtitled as which of the following ?

(A) Inclusive Balance and Equitable Growth

(B) Faster, More Inclusive and Sustainable Growth

(C) Sustainable Development with Equity for All

(D) Rapid and Broad-based Economic Transformation

73. बिहार की सीमा कितने भारतीय राज्यों से लगती है ?

(A) पाँच

(B) तीन

(C) दो

(D) चार

Bihar shares its border with how many Indian states ?

(A) Five

(B) Three

(C) Two

(D) Four

74. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए काँग्रेस द्वारा पटना से कौन-सा द्विभाषी साप्ताहिक प्रकाशित किया गया था और बाद में अंग्रेजों द्वारा इसे दबा दिया गया था ?

(A) बिहार सत्याग्रह समाचार

(B) बिहार नेशनल हेराल्ड

(C) बिहार की जनता की आवाज़ (बिहार पीपल्स वॉइस)

(D) पटना स्वतंत्रता राजपत्र (पटना फ्रीडम गज़ट)

Which bilingual weekly was published by the Congress from Patna to promote patriotic sentiment during the Civil Disobedience Movement and was later suppressed by the British ?

(A) Bihar Satyagraha Samachar

(B) Bihar National Herald

(C) Bihar People's Voice

(D) Patna Freedom Gazette

75. 28 नवंबर, 1940 को पटना में व्यक्तिगत सत्याग्रह किसने शुरू किया, जिसने युद्ध-विरोधी नागरिक प्रतिरोध में बिहार की भागीदारी को चिह्नित किया ?

(A) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(B) श्री कृष्ण सिन्हा

(C) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(D) जयप्रकाश नारायण

Who began an Individual Satyagraha in Patna on 28 November, 1940, marking Bihar's participation in anti-war civil resistance ?

(A) Anugrah Narayan Sinha

(B) Shri Krishna Sinha

(C) Dr. Rajendra Prasad

(D) Jayaprakash Narayan

**76.** $K_2Cr_2O_7$ में Cr की ऑक्सीकरण संख्या है :

(A) +7 (B) +2 (C) +6 (D) +3

The oxidation number of Cr in $K_2Cr_2O_7$ is :

(A) +7 (B) +2 (C) +6 (D) +3

**77.** वे अणु जो समान आण्विक सूत्र साझा करते हैं लेकिन परमाणुओं की संरचनात्मक व्यवस्थाएँ अलग-अलग होती हैं, उन्हें इस रूप में जाना जाता है :

(A) आयन

(B) समस्थानिक

(C) समावयवी

(D) अपररूप

Molecules that share the same molecular formula but have different structural arrangements of atoms are known as :

(A) Ions

(B) Isotopes

(C) Isomers

(D) Allotropes

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सी धातु सबसे अधिक अभिक्रियाशील है ?

(A) ताँबा (Cu) (B) पोटैशियम (K)

(C) लोहा (Fe) (D) सोना (Au)

Which of the following metals is the most reactive ?

(A) Copper (Cu) (B) Potassium (K)

(C) Iron (Fe) (D) Gold (Au)

**79.** बॉयल के नियम के अनुसार, यदि आप किसी गैस का तापमान स्थिर रखते हैं और उसका आयतन कम करते हैं, तो दाब पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) यह बढ़ता है। (B) यह घटता है।

(C) यह समान रहता है। (D) यह पहले बढ़ता है और फिर घटता है।

According to Boyle's law, if you keep the temperature of a gas constant and decrease its volume, what happens to the pressure ?

(A) It increases. (B) It decreases.

(C) It stays the same. (D) It increases first and then decreases.

**80.** रेडॉक्स अभिक्रिया में, इलेक्ट्रॉन प्राप्त करने वाले पदार्थ को कहा जाता है :

(A) उत्प्रेरित (B) अपचयित

(C) उदासीन (D) ऑक्सीकृत

In a redox reaction, the substance that gains electrons is said to have been :

(A) Catalyzed (B) Reduced

(C) Neutralized (D) Oxidized

81. मानव विकास सूचकांक किसके द्वारा विकसित किया गया था ?

(A) अल्फ्रेड मार्शल

(B) महबूब-उल-हक

(C) जावेद बुर्की

(D) मुहम्मद यूनुस

The Human Development Index was developed by :

(A) Alfred Marshall

(B) Mahbub-ul-Haq

(C) Javed Burki

(D) Mohammad Yunus

82. पृथ्वी के अंदर वह बिंदु क्या कहलाता है जहाँ भूकंप के दौरान ऊर्जा मुक्त होती है ?

(A) अधिकेंद्र

(B) हाइपोसेंटर

(C) भूकंपीय क्षेत्र

(D) दोष लाइन

What is the point inside the Earth where energy is released during an earthquake called ?

(A) Epicenter

(B) Hypocenter

(C) Seismic zone

(D) Fault line

83. सतह पर या भूपर्पटी के भीतर लावा के ठंडा होने और जमने से बनने वाली चट्टानों को क्या कहा जाता है ?

(A) आग्नेय चट्टानें

(B) रूपांतरित चट्टानें

(C) अवसादी चट्टानें

(D) जीवाश्ममय चट्टानें

The rocks formed by the cooling and solidification of lava, either on the surface or within the crust, are called :

(A) Igneous rocks

(B) Metamorphic rocks

(C) Sedimentary rocks

(D) Fossiliferous rocks

84. किसी ग्रह या तारे जैसे खगोलीय पिंड के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव से मुक्त होने के लिए किसी वस्तु की न्यूनतम गति क्या कहलाती है ?

(A) पलायन वेग

(B) सीमांत वेग

(C) कक्षीय वेग

(D) मुक्त-पतन वेग

What is the minimum speed called that an object must have to break free from the gravitational pull of a celestial body like a planet or star ?

(A) Escape velocity

(B) Terminal velocity

(C) Orbital velocity

(D) Free-fall velocity

85. समजातीय अंगों की उपस्थिति इंगित करती है :

(A) अपसारी विकास

(B) आनुवंशिक विचलन

(C) यादृच्छिक उत्परिवर्तन

(D) अभिसरण विकास

Presence of homologous organs indicates :

(A) Divergent evolution

(B) Genetic drift

(C) Random mutation

(D) Convergent evolution

86. हिमालयी नदीतंत्र के संबंध में ***ग़लत*** युग्म की पहचान कीजिए :

(A) चिनाब – चंद्रा और भागा के मिलने से टांडी में बनती है

(B) रावी – हिमाचल में उत्पन्न होती है, देवप्रयाग के पास गंगा में मिलती है

(C) झेलम – वेरीनाग से निकलती है, वुलर झील से होकर बहती है

(D) सतलुज – मानसरोवर के निकट राक्षस ताल से निकलती है

Identify the ***incorrect*** pair regarding the Himalayan river systems :

(A) Chenab – Formed by Chandra and Bhaga at Tandi

(B) Ravi – Originates in Himachal, joins Ganga near Devprayag

(C) Jhelum – Originates at Verinag, flows through Wular Lake

(D) Satluj – Originates from Raksas Tal near Mansarovar

87. द्रव्यमान m और वेग v वाली वस्तु की गतिज ऊर्जा का सही सूत्र क्या है ?

(A) $K = mv$ (B) $K = \frac{v^2}{m}$ (C) $K = mv^2$ (D) $K = \frac{1}{2} mv^2$

What is the correct formula for the kinetic energy of an object with mass m and velocity v ?

(A) $K = mv$ (B) $K = \frac{v^2}{m}$ (C) $K = mv^2$ (D) $K = \frac{1}{2} mv^2$

88. सूर्य द्वारा पृथ्वी को गर्म करने के लिए ऊष्मा स्थानांतरण की कौन-सी विधि उत्तरदायी है ?

(A) चालन (B) विकिरण

(C) अभिवहन (D) संवहन

Which method of heat transfer is responsible for the Sun warming the Earth ?

(A) Conduction (B) Radiation

(C) Advection (D) Convection

89. पृथ्वी के वायुमंडल की किस परत में ओज़ोन परत है जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी विकिरण का अधिकांश भाग अवशोषित करती है ?

(A) तापमंडल

(B) समतापमंडल

(C) क्षोभमंडल

(D) मध्यमंडल

Which layer of Earth's atmosphere contains the ozone layer that absorbs most of the Sun's harmful ultraviolet radiation ?

(A) Thermosphere

(B) Stratosphere

(C) Troposphere

(D) Mesosphere

90. वह कौन-सी परिघटना है जिसमें प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में, जैसे हवा से पानी में जाते समय मुड़ जाता है ?

(A) अपवर्तन
(B) परावर्तन
(C) विक्षेपण
(D) विवर्तन

What is the phenomenon where light bends as it passes from one medium to another, like from air to water ?

(A) Refraction
(B) Reflection
(C) Dispersion
(D) Diffraction

91. किसी वस्तु की अपनी गति की अवस्था में परिवर्तन का विरोध करने की प्रवृत्ति को क्या कहते हैं ?

(A) घर्षण
(B) त्वरण
(C) जड़त्व
(D) संवेग

The tendency of an object to resist a change in its state of motion is called :

(A) Friction
(B) Acceleration
(C) Inertia
(D) Momentum

92. एक छोटे आयाम वाले सरल लोलक के लिए, उसका आवर्तकाल (एक पूर्ण दोलन का समय) मुख्यतः इसके द्वारा निर्धारित होता है :

(A) द्रव्यमान और लंबाई दोनों
(B) रिलीज (मुक्ति) कोण
(C) लंबाई
(D) द्रव्यमान

For a simple pendulum swinging with a small amplitude, its period (the time for one complete oscillation) is primarily determined by its :

(A) Both Mass and Length
(B) Angle of release
(C) Length
(D) Mass

93. लेंज़ का नियम, जो प्रेरित विद्युत धारा की दिशा का वर्णन करता है, निम्नलिखित के संरक्षण के नियम का प्रत्यक्ष परिणाम है :

(A) संवेग
(B) द्रव्यमान
(C) ऊर्जा
(D) आवेश

Lenz's Law, which describes the direction of an induced electric current, is a direct consequence of the law of conservation of :

(A) Momentum
(B) Mass
(C) Energy
(D) Charge

94. प्रकाश-विद्युत प्रभाव प्रकाश की कण-सदृश प्रकृति को दर्शाता है। यह किसी पदार्थ से इलेक्ट्रॉनों के उत्सर्जन का वर्णन करता है जब वह इनसे टकराता है :

(A) एक अन्य आवेशित कण
(B) उच्च-आवृत्ति विद्युत-चुम्बकीय विकिरण
(C) एक प्रबल चुंबकीय क्षेत्र
(D) एक ध्वनि तरंग

The photoelectric effect demonstrates the particle-like nature of light. It describes the emission of electrons from a material when it is struck by :

(A) Another charged particle
(B) High-frequency electromagnetic radiation
(C) A strong magnetic field
(D) A sound wave

95. आनुवंशिकी में, जीन के वैकल्पिक रूप के लिए क्या शब्द है ?

(A) गुणसूत्र

(B) फीनोटाइप

(C) जीनोटाइप

(D) ऐलील

In genetics, what is the term for an alternative form of a gene ?

(A) Chromosome

(B) Phenotype

(C) Genotype

(D) Allele

96. मानव पाचन तंत्र में, प्रोटीनों का पाचन किस अंग में शुरू होता है ?

(A) छोटी आँत (B) यकृत (C) आमाशय (D) मुँह

In the human digestive system, the digestion of proteins begins in which organ ?

(A) Small Intestine (B) Liver (C) Stomach (D) Mouth

97. मस्तिष्क का वह भाग जो मुद्रा और संतुलन बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार है :

(A) अनुमस्तिष्क

(B) मेडुला

(C) पोंस

(D) प्रमस्तिष्क

The part of the brain responsible for maintaining posture and balance is the :

(A) Cerebellum

(B) Medulla

(C) Pons

(D) Cerebrum

98. कार्बन-14 की अर्ध-आयु लगभग 5,730 वर्ष है। इस गुण का उपयोग प्राचीन कार्बनिक पदार्थों की आयु निर्धारित करने की तकनीक में किया जाता है। इस तकनीक को क्या कहते हैं ?

(A) रेडियोकार्बन डेटिंग

(B) थर्मोल्यूमिनेसेंस

(C) स्ट्रेटीग्राफी

(D) डेंड्रोक्रोनोलॉजी

The half-life of Carbon-14 is approximately 5,730 years. This property is used in a technique to determine the age of ancient organic materials. What is this technique called ?

(A) Radiocarbon dating

(B) Thermoluminescence

(C) Stratigraphy

(D) Dendrochronology

99. आण्विक जीव विज्ञान में, डीएनए टेम्प्लेट से आरएनए अणु के संश्लेषण की प्रक्रिया को इस रूप में जाना जाता है :

(A) प्रतिलेखन (B) प्रतिकृति (C) परिवर्तन (D) अनुवाद

In molecular biology, the process of synthesizing an RNA molecule from a DNA template is known as :

(A) Transcription (B) Replication (C) Transformation (D) Translation

100. संवहनी पौधे में ज़ाइलम का प्राथमिक कार्य क्या है ?

(A) जड़ों से पत्तियों तक जल और घुले हुए खनिजों का परिवहन

(B) पत्तियों से शेष पौधे तक शर्करा का परिवहन

(C) प्रकाश-संश्लेषण के लिए प्रकाश का अवशोषण

(D) पौधे को मिट्टी में स्थिर रखना

What is the primary function of the xylem in a vascular plant ?

(A) Transporting water and dissolved minerals from the roots to the leaves

(B) Transporting sugar from the leaves to the rest of the plant

(C) Absorbing light for photosynthesis

(D) Anchoring the plant in the soil

101. एक दो अंकीय संख्या और उसके अंकों के स्थान बदलने से प्राप्त संख्या के बीच का अंतर 36 है। उस संख्या के दो अंकों के बीच का अंतर क्या है ?

(A) 9
(B) 3
(C) 5
(D) 4

The difference between a two-digit number and the number obtained by interchanging the positions of its digits is 36. What is the difference between the two digits of that number ?

(A) 9
(B) 3
(C) 5
(D) 4

102. व्यंजक का मूल्यांकन करें :

$120 - [\ 60 \div (\ 3 + 2 \times 6\ )\ ]$

(A) 116
(B) 12
(C) 20
(D) 108

Evaluate the expression :

$120 - [\ 60 \div (\ 3 + 2 \times 6\ )\ ]$

(A) 116
(B) 12
(C) 20
(D) 108

103. A, B से 25% अधिक है। B, A से कितने प्रतिशत छोटा है ?

(A) 13·33%
(B) 22%
(C) 30%
(D) 20%

A is 25% more than B. By what percent is B smaller than A ?

(A) 13·33%
(B) 22%
(C) 30%
(D) 20%

104. दो संख्याओं के बीच का अनुपात 2 : 11 है। यदि संख्याओं के बीच का अंतर 81 है, तो छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) 16
(B) 12
(C) 18
(D) 10

The ratio between two numbers is 2 : 11. If the difference between the numbers is 81, find the smaller number.

(A) 16
(B) 12
(C) 18
(D) 10

105. यदि दो संख्याओं का योगफल 14 है और उनका अंतर 10 है, तो इन दो संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

(A) 20
(B) 18
(C) 24
(D) 22

If the sum of two numbers is 14 and their difference is 10, find the product of these two numbers.

(A) 20
(B) 18
(C) 24
(D) 22

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या कभी भी 3 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत ***नहीं*** हो सकती है ?

(A) 5
(B) 7
(C) 6
(D) 3

Which of the following can never be an average of 3 consecutive odd numbers ?

(A) 5
(B) 7
(C) 6
(D) 3

**107.** यदि 80 के y% का x%, 900 के 25% के समान है, तो xy का मान है :

(A) 34,200
(B) 32,500
(C) 30,100
(D) 28,125

If x% of y% of 80 is same as 25% of 900, then the value of xy is :

(A) 34,200
(B) 32,500
(C) 30,100
(D) 28,125

**108.** एक गाँव की जनसंख्या 25,000 है। इसका पाँचवाँ हिस्सा महिलाएँ हैं और शेष पुरुष हैं। 5% पुरुष और 40% महिलाएँ अशिक्षित हैं। कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत शिक्षित है ?

(A) 88%
(B) 55%
(C) 75%
(D) 85%

The population of a village is 25,000. One fifth are females and the rest are males. 5% of males and 40% of females are uneducated. What percentage of the whole population is educated ?

(A) 88%
(B) 55%
(C) 75%
(D) 85%

**109.** $3 \times 0{\cdot}3 \times 0{\cdot}03 \times 0{\cdot}003 = ?$

(A) 0·81
(B) 0·00081
(C) 0·081
(D) 0·000081

$3 \times 0{\cdot}3 \times 0{\cdot}03 \times 0{\cdot}003 = ?$

(A) 0·81
(B) 0·00081
(C) 0·081
(D) 0·000081

**110.** एक परिवार में 5 पुरुष, 5 महिलाएँ और 4 बच्चे हैं। 5 पुरुषों की औसत आयु 40 वर्ष है। 5 महिलाओं की औसत आयु 39 वर्ष है। उनके 4 बच्चों की औसत आयु 15 वर्ष है। इस पूरे परिवार की औसत आयु क्या है ?

(A) 25 वर्ष
(B) 34·5 वर्ष
(C) 32·5 वर्ष
(D) 28·5 वर्ष

A family consists of 5 men, 5 women and 4 children. The average age of the 5 men is 40 years. The average age of the 5 women is 39 years. The average age of their 4 children is 15 years. What is the average age of the entire family ?

(A) 25 years
(B) 34·5 years
(C) 32·5 years
(D) 28·5 years

**111.** एक सोफा-सेट ₹ 10,000 में खरीदा गया। इसका मूल्य 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रासित हो गया। दो वर्ष बाद इसका मूल्य ज्ञात कीजिए।

(A) ₹ 8,100
(B) ₹ 8,900
(C) ₹ 9,100
(D) ₹ 8,000

A sofa-set was bought for ₹ 10,000. Its value depreciated at the rate of 10% per annum. Find its value after two years.

(A) ₹ 8,100
(B) ₹ 8,900
(C) ₹ 9,100
(D) ₹ 8,000

**112.** एक व्यक्ति ने y वर्षों के लिए 10% प्रति वर्ष साधारण ब्याज पर x रुपए का निवेश किया। यदि 2y वर्षों के बाद ब्याज 4x है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

(A) 10
(B) 40
(C) 15
(D) 20

A man invested x rupees for y years at 10% simple interest per annum. If the interest after 2y years is 4x, find the value of y.

(A) 10
(B) 40
(C) 15
(D) 20

**113.** $(0{\cdot}00243)^{0{\cdot}6} + (0{\cdot}0256)^{0{\cdot}75}$ का मान है :

(A) 0·083
(B) 0·073
(C) 0·091
(D) 0·081

The value of $(0{\cdot}00243)^{0{\cdot}6} + (0{\cdot}0256)^{0{\cdot}75}$ is :

(A) 0·083
(B) 0·073
(C) 0·091
(D) 0·081

**114.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. यदि कोई संख्या 40 से बढ़कर 60 हो जाती है, तो प्रतिशत वृद्धि 50% होगी।

II. 0·5%, 1/2 के बराबर है।

III. किसी संख्या का 25% ज्ञात करने के लिए, उसे 4 से विभाजित करें।

**विकल्प :**

(A) केवल I और III
(B) केवल II और III
(C) केवल I और II
(D) I, II और III

Which of the following statements are correct ?

I. If a number increases from 40 to 60, the percentage increase is 50%.

II. 0·5% is equal to 1/2.

III. To find 25% of a number, divide it by 4.

**Options :**

(A) Only I and III
(B) Only II and III
(C) Only I and II
(D) I, II and III

**115.** 8 लोगों के एक परिवार के पास 30 दिनों के लिए पर्याप्त चावल का भंडार है। कुछ रिश्तेदारों के आने के कारण, यह भोजन 20 दिनों में खपत हो गया। परिवार में कितने मेहमान शामिल हुए, यह मानते हुए कि प्रत्येक व्यक्ति ने समान मात्रा में भोजन खाया ?

(A) 3 (B) 2
(C) 4 (D) 1

A family of 8 people has enough stock of rice to last for 30 days. Due to the arrival of some relatives, this food was consumed in 20 days. How many guests joined the family, assuming each person consumes the same amount ?

(A) 3 (B) 2
(C) 4 (D) 1

**116.** 50 व्यक्तियों का एक कार्यबल एक ठेकेदार के साथ मिलकर एक कार्य को 5 महीने में पूरा करता है। 125 व्यक्तियों द्वारा समान कार्य कितने महीनों में पूरा किया जा सकेगा ?

(A) 2 (B) 4
(C) 8 (D) 6

A workforce of 50 men with a contractor an finish a piece of work in 5 months. In how many months can the same work be completed by 125 men ?

(A) 2 (B) 4
(C) 8 (D) 6

117. निम्नलिखित में से कौन-सी परिमेय संख्या सबसे बड़ी है ?

(A) $\frac{-5}{7}$ (B) $\frac{29}{-42}$ (C) $\frac{9}{-14}$ (D) $\frac{-11}{28}$

Which of the following rational numbers is the greatest ?

(A) $\frac{-5}{7}$ (B) $\frac{29}{-42}$ (C) $\frac{9}{-14}$ (D) $\frac{-11}{28}$

118. दिए गए प्रश्न में, अभिकथन (A) के कथन के बाद कारण (R) का कथन दिया गया है। सही विकल्प चुनिए।

*अभिकथन (A) :* संख्या $5 + \sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है।

*कारण (R) :* एक परिमेय संख्या और एक अपरिमेय संख्या का योगफल सदैव एक अपरिमेय संख्या होती है।

(A) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

In the given question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the correct option.

*Assertion (A) :* The number $5 + \sqrt{2}$ is an irrational number.

*Reason (R) :* The sum of a rational number and an irrational number is always an irrational number.

(A) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

119. प्रति वर्ष कितने प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से कोई धनराशि 8 वर्ष में दोगुनी हो जाएगी ?

(A) $12\frac{1}{2}\%$ (B) 14% (C) $15\frac{1}{2}\%$ (D) 16%

At the rate percent per annum simple interest will a sum be double itself in 8 years ?

(A) $12\frac{1}{2}\%$ (B) 14% (C) $15\frac{1}{2}\%$ (D) 16%

120. हिमाक्षी ₹ 4 प्रति टॉफी की दर से टॉफियाँ खरीदती है। वह फिर से ₹ 5 प्रति टॉफी में उतनी ही टॉफियाँ खरीदती है। फिर, वह उन्हें एक टोकरी में मिलाती है और ₹ 4 प्रति टॉफी पर बेचती है। उसे लाभ होगा या हानि होगी ? साथ ही, उसे कितने प्रतिशत लाभ या हानि होगी ?

(A) हानि : 100/9% (B) लाभ : 100/9% (C) हानि : 9/100% (D) लाभ : 9/100%

Himakshi buys toffees at a price of ₹ 4 each. She again buys the same amount of toffees at ₹ 5 each. Then, she mixes them in a basket and sells them at ₹ 4 each. What will she get profit or loss ? Also, how much percentage profit or loss will she get ?

(A) Loss : 100/9% (B) Profit : 100/9% (C) Loss : 9/100% (D) Profit : 9/100%

121. यदि X और Y, 1 के अतिरिक्त अन्य प्राकृतिक संख्याएँ हैं, तथा Y, X से बड़ी है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या सबसे बड़ी संख्या को दर्शाती है ?

(A) $X + Y$ (B) $XY$ (C) $\frac{X}{Y}$ (D) $X(Y + 1)$

If X and Y are natural numbers other than 1, and Y is greater than X, which of the following represents the largest number ?

(A) $X + Y$ (B) $XY$ (C) $\frac{X}{Y}$ (D) $X(Y + 1)$

122. आवर्ती दशमलव 0.1222... का समतुल्य भिन्न क्या है ?

(A) 12/99
(B) 11/90
(C) 1/8
(D) 2/15

What is the fraction equivalent of the repeating decimal 0.1222... ?

(A) 12/99
(B) 11/90
(C) 1/8
(D) 2/15

123. उस मापने वाली छड़ी की अधिकतम लंबाई ज्ञात कीजिए जिसका उपयोग 48 मीटर, 72 मीटर, 96 मीटर और 120 मीटर की लंबाई को ठीक से मापने के लिए किया जा सकता है ।

(A) 20 मीटर (B) 24 मीटर
(C) 16 मीटर (D) 12 मीटर

Find the highest length of a measuring stick which can be used to measure exactly the lengths 48 m, 72 m, 96 m and 120 m.

(A) 20 m (B) 24 m
(C) 16 m (D) 12 m

124. एक व्यक्ति के पास 25 साइकिल खरीदने के लिए पैसे हैं, जिनमें से प्रत्येक की कीमत ₹ 500 है । यदि प्रत्येक साइकिल की कीमत ₹ 125 अधिक हो, तो वह कितनी साइकिलें खरीद पाएगा ?

(A) 35 (B) 30 (C) 20 (D) 25

A person has money to buy 25 cycles worth ₹ 500 each. How many cycles will he be able to buy if each cycle is costing ₹ 125 more ?

(A) 35 (B) 30 (C) 20 (D) 25


125. यदि किसी संख्या को दोगुना किया जाए और फिर उसमें 5 जोड़ा जाए, तो परिणाम 21 आता है । मूल संख्या क्या है ?

(A) 16 (B) 10 (C) 8 (D) 18

If a number is doubled and then 5 is added, the result is 21. What is the original number ?

(A) 16 (B) 10 (C) 8 (D) 18

**126.** एक घन के तीन दृश्य नीचे दिए गए हैं :





I II III

A के विपरीत कौन-सा अक्षर है ?

(A) H (B) B (C) P (D) M

Three views of a cube are given below :





I II III

What is the letter opposite to A ?


(A) H (B) B (C) P (D) M

**127.** निम्नलिखित प्रश्न में उत्तर आकृतियों (A), (B), (C) और (D) में से प्रश्न आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को रेखा AB के साथ रखा गया हो।

**प्रश्न आकृति :**





**उत्तर आकृतियाँ :**


(A)  (B)  (C)  (D) 

In the following question, choose the correct mirror image of the question figure from the answer figures (A), (B), (C) and (D), when the mirror is placed along the line AB.

**Question Figure :**




**Answer Figures :**

(A)  (B)  (C)  (D) 

**128.** यदि कोई घड़ी 1 बजे एक बार, 2 बजे दो बार और इसी तरह आगे भी बजती है, तो एक दिन में यह कितनी बार बजेगी ?

(A) 78 (B) 156 (C) 200 (D) 180

If a clock strikes once at 1 o'clock, twice at 2 o'clock and so on, how many times will it strike in a day ?

(A) 78 (B) 156 (C) 200 (D) 180

**129.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| | 8 | |
| 6 | 54 | 7 |
| | 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 12 | |
| 8 | 51 | 4 |
| | 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 14 | |
| 9 | ? | 5 |
| | 9 | |

(A) 68 (B) 71 (C) 76 (D) 53

Find the missing number :

| | | |
|---|---|---|
| | 8 | |
| 6 | 54 | 7 |
| | 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 12 | |
| 8 | 51 | 4 |
| | 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 14 | |
| 9 | ? | 5 |
| | 9 | |

(A) 68 (B) 71 (C) 76 (D) 53

**130.** मुकेश को स्पष्ट रूप से याद है कि उसके पिता का जन्म 15 मार्च के बाद और 19 मार्च से पहले हुआ था, जबकि उसकी बहन को याद है कि उनके पिता का जन्म 17 मार्च के बाद और 21 मार्च से पहले हुआ था और उनकी माँ को याद है कि उनका जन्मदिन 16 मार्च के बाद और 20 मार्च से पहले आता है। मुकेश के पिता का जन्मदिन किस दिन आता है ?

(A) 18 मार्च (B) 16 मार्च

(C) 17 मार्च (D) 19 मार्च

Mukesh clearly remembers that his father was born after 15 March and before 19 March, while his sister remembers that their father was born after 17 March and before 21 March and their mother remembers that his birthday falls after 16 March and before 20 March. On which day does the birthday of Mukesh's father fall ?

(A) 18 March (B) 16 March

(C) 17 March (D) 19 March

**131.** इनमें से कौन-सा समान अक्षर पैटर्न का अनुसरण ***नहीं*** करता है ?

(A) FATE (B) LIME

(C) BOND (D) ROPE

Which of these does ***not*** follow the same letter pattern ?

(A) FATE (B) LIME

(C) BOND (D) ROPE

132. 5 व्यक्तियों के एक समूह की औसत आयु 40 वर्ष है। एक छठा व्यक्ति समूह में शामिल होता है, जिससे औसत आयु 2 वर्ष बढ़ जाती है। कुछ समय बाद, 60 वर्ष और x वर्ष की आयु के दो व्यक्ति समूह छोड़ देते हैं। शेष 4 व्यक्तियों की नई औसत आयु 39 वर्ष हो जाती है। x का मान क्या है ?

(A) 42
(B) 30
(C) 36
(D) 48

A group of 5 people has an average age of 40 years. A sixth person joins the group, increasing the average age by 2 years. After a while, two people, aged 60 years and x years, leave the group. The new average of the remaining 4 people becomes 39 years. What is the value of x ?

(A) 42
(B) 30
(C) 36
(D) 48

133. दिए गए समीकरण को संतुलित करने और रिक्त स्थान को भरने के लिए सही गणितीय ऑपरेशनों का अनुक्रम चुनिए।

28 _ 4 _ 9 _ 16

(A) ÷, +, =
(B) +, ÷, =
(C) − , =, ×
(D) ÷, =, +

Choose the sequence of correct mathematical operations to balance the given equation and fill the blanks.

28 _ 4 _ 9 _ 16

(A) ÷, +, =
(B) +, ÷, =
(C) − , =, ×
(D) ÷, =, +

134. राम अकेले एक बाड़ को 12 घंटे में रंग सकता है। श्याम अकेले उसी बाड़ को 18 घंटे में रंग सकता है। यदि वे एक ही समय पर काम शुरू करें और बिना रुके साथ मिलकर काम करें, तो पूरी बाड़ को रंगने में उन्हें कितना समय लगेगा ?

(A) 10 घंटे
(B) 8 घंटे
(C) 7·2 घंटे
(D) 16 घंटे

Ram can paint a fence by himself in 12 hours. Shyam can paint the same fence by herself in 18 hours. If they start at the same time and work together without stopping, how long will it take them to paint the entire fence ?

(A) 10 hours
(B) 8 hours
(C) 7·2 hours
(D) 16 hours


135. सोनू और उसका दोस्त राहुल खरीदारी करने गए। सोनू के पास ₹ 500 थे जबकि राहुल के पास ₹ 240 थे। सोनू ने खरीदारी पर राहुल से दोगुना पैसा खर्च किया। अब सोनू के पास राहुल के पास बचे पैसे से तीन गुना पैसा है। सोनू ने कितने पैसे खर्च किए ?

(A) ₹ 440
(B) ₹ 60
(C) ₹ 120
(D) ₹ 220

Sonu and his friend Rahul went for shopping. Sonu had ₹ 500 with him, while Rahul had ₹ 240. Sonu spent twice as much as Rahul on shopping. Now, Sonu has three times as much money as is left with Rahul. How much money did Sonu spend ?


(A) ₹ 440
(B) ₹ 60
(C) ₹ 120
(D) ₹ 220

136. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जिसे प्रश्न चिह्न के स्थान पर रखा जा सकता है।




(A) 2
(B) 3
(C) 9
(D) 7

In the following question, select the number which can be placed at the sign of question mark from the given alternatives.




(A) 2
(B) 3
(C) 9
(D) 7

137. भूतल से प्रथम तल तक जाने के लिए 7 सीढ़ियाँ हैं। पहली सीढ़ी को 1, दूसरी सीढ़ी को 2 और इसी क्रम में आगे भी लिखा गया है। P, Q, R और S चार व्यक्ति हैं। कोई भी दो व्यक्ति एक ही सीढ़ी पर नहीं हो सकते।

I. P, R से दो सीढ़ियाँ नीचे है।

II. Q, S के बगल वाली सीढ़ी पर है।

III. R, S से दो सीढ़ियाँ नीचे है।

यदि P पहली सीढ़ी पर खड़ा है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) R चौथी सीढ़ी पर खड़ा है।
(B) चौथी सीढ़ी खाली है।
(C) S, R के नीचे खड़ा है।
(D) Q दूसरी सीढ़ी पर खड़ा है।

There are 7 stairs to go from ground floor to first floor. First stair is written as 1, second stair is written as 2 and so on according to same sequence. P, Q, R and S are four persons. Any two persons cannot be on the same stair.

I. P is two stairs below R.

II. Q is on a stair next to S.

III. R is two stairs below S.

If P is standing at first stair, then which among the following is correct ?

(A) R is standing on the 4th stair.
(B) Fourth stair is vacant.
(C) S is standing below R.
(D) Q is standing on the 2nd stair.

138. A, B, C, D और E एक बेंच पर बैठे हुए हैं। C, D के बगल में बैठा है, और D, E के साथ नहीं बैठा है और E बेंच के बाएँ छोर पर है। C, दाएँ से तीसरे स्थान पर है। B, A के दाएँ है। A किस स्थान पर बैठा है ?

(A) E और D के बीच
(B) B और C के बीच
(C) C और E के बीच
(D) B और D के बीच

A, B, C, D and E are sitting on a bench. C is sitting next to D, and D is not sitting with E who is on the left end of the bench. C is on the third position from the right. B is to the right of A. In which position A is sitting ?

(A) Between E and D
(B) Between B and C
(C) Between C and E
(D) Between B and D

139. नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आना चाहिए ?

5, 11, 23, 47, 95, ?

(A) 190 (B) 193
(C) 191 (D) 188

What value should come in place of the question mark (?) in the series given below ?

5, 11, 23, 47, 95, ?

(A) 190 (B) 193
(C) 191 (D) 188

140. यदि आकाश को समुद्र कहा जाए, समुद्र को जल कहा जाए, जल को वायु कहा जाए, वायु को बादल कहा जाए और बादल को नदी कहा जाए, तो प्यास लगने पर हम क्या पीते हैं ?

(A) बादल
(B) आकाश
(C) वायु
(D) जल

If sky is called sea, sea is called water, water is called air, air is called cloud and cloud is called river, then what do we drink when thirsty ?

(A) Cloud
(B) Sky
(C) Air
(D) Water

**141.** निम्नलिखित प्रश्न में, पहले और दूसरे शब्दों का आपस में एक निश्चित संबंध है। दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प को अपने उत्तर के रूप में चुनिए जो तीसरे और चौथे शब्द के बीच समान संबंध बनाता है।

बालचिकित्सा : बच्चे : : जराचिकित्सा : ?

(A) औरतों

(B) वयस्कों

(C) वृद्ध

(D) पुरुषों

In the following question, the first and second words have a certain relationship among themselves. Out of the four given alternatives, choose that alternative as your answer which creates a similar relationship between the third and fourth word.

Pediatrics : Children : : Geriatrics : ?

(A) Women

(B) Adults

(C) Aged

(D) Men

**142.** यदि किसी कूट भाषा में, CEGI को DHLP लिखा जाता है, तो KSEA को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) LTGI (B) LUIH

(C) LVJH (D) LSGF

If in a code language, CEGI is written as DHLP, then how is KSEA written ?

(A) LTGI (B) LUIH

(C) LVJH (D) LSGF

**143.** प्रथम ने कहा, "फोटो में दिख रही लड़की मेरे पिता के इकलौते बेटे की पत्नी की इकलौती बेटी है।" लड़की, प्रथम से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भतीजी

(B) कज़न

(C) बहन

(D) बेटी

Pratham said, "The girl in the photo is the only daughter of the wife of my father's only son." How is the girl related to Pratham ?

(A) Niece

(B) Cousin

(C) Sister

(D) Daughter

**144.** लड़कों की एक पंक्ति में, यदि A, जो बाएँ से 10वें स्थान पर है और B, जो दाएँ से 9वें स्थान पर है, अपना स्थान बदल लेते हैं, तो A बाएँ से 15वें स्थान पर आ जाता है। पंक्ति में कितने लड़के हैं ?

(A) 27
(B) 28
(C) 23
(D) 31

In a row of boys, if A who is 10th from the left and B who is 9th from the right, interchange their positions, A became 15th from the left. How many boys are there in the row ?

(A) 27
(B) 28
(C) 23
(D) 31


**145.** दो पासे एक साथ फेंके जाते हैं। इसकी क्या प्रायिकता है कि पहला पासा दूसरे पासे से बड़ा है ?

(A) $\frac{5}{36}$
(B) $\frac{1}{6}$
(C) $\frac{1}{18}$
(D) $\frac{5}{12}$

Two dice are thrown simultaneously. What is the probability that the first die is greater than the second die ?


(A) $\frac{5}{36}$
(B) $\frac{1}{6}$
(C) $\frac{1}{18}$
(D) $\frac{5}{12}$

**146.** निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 12
(B) 14
(C) 8
(D) 15


How many triangles are there in the following figure ?



(A) 12
(B) 14
(C) 8
(D) 15


147. *निर्देश:* निम्नलिखित प्रश्न में, दी गई चार उत्तर आकृतियों में से एक आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न आकृति के रिक्त स्थान में रखने पर पैटर्न पूरा हो जाएगा।

**प्रश्न आकृति :**




**उत्तर आकृतियाँ :**

(A) 


(B) 

(C) 


(D) 

***Directions :*** In the following question, select a figure from the given four answer figures, which when placed in the blank space of the question figure would complete the pattern.

**Question Figure :**




**Answer Figures :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 


148. चित्र और निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

I. आयत सॉफ्टवेयर कर्मचारियों को दर्शाता है।

II. त्रिभुज ग्रामीण लोगों को दर्शाता है।

III. वृत्त स्नातकोत्तरों को दर्शाता है।

IV. वर्ग पीओ को दर्शाता है।




निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) सभी सॉफ्टवेयर कर्मचारी स्नातकोत्तर हैं।

(B) कुछ सॉफ्टवेयर कर्मचारी पीओ होने के साथ-साथ स्नातकोत्तर भी हैं।

(C) सभी पीओ सॉफ्टवेयर कर्मचारी हैं, लेकिन स्नातकोत्तर नहीं हैं।

(D) सभी सॉफ्टवेयर कर्मचारी पीओ हैं।


Consider the diagram and the following statements and answer the question asked below :

I. Rectangle represents software employees.

II. Triangle represents Rural people.

III. Circle represents post-graduates.

IV. Square represents PO.




Which of the following statements is correct ?

(A) All software employees are post-graduates.

(B) Some software employees are PO along with being post-graduates.

(C) All PO are software employees, but not post-graduates.

(D) All software employees are PO.

149. नीचे दिए गए प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों और निष्कर्षों पर विचार कीजिए और निर्णय कीजिए कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है/करते हैं।

*कथन :*

• कुछ कुर्सियाँ टेबल हैं।

• सभी टेबल लकड़ी हैं।

• कोई लकड़ी प्लास्टिक नहीं है।

*निष्कर्ष :*

I. कुछ कुर्सियाँ लकड़ी हैं।

II. कोई टेबल प्लास्टिक नहीं है।

**विकल्प :**

(A) केवल II अनुसरण करता है

(B) न तो I और न ही II अनुसरण करता है

(C) I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(D) केवल I अनुसरण करता है

The question given below has three statements followed by two conclusions I and II. Consider the statements and the following conclusions and decide which of the conclusion(s) follow the statement.

*Statements :*

• Some chairs are tables.

• All tables are wood.

• No wood is plastic.

*Conclusions :*

I. Some chairs are wood.

II. No table is plastic.

**Options :**

(A) Only II follows

(B) Neither I nor II follows

(C) Both I and II follow

(D) Only I follows

150. दो विमान एक ही हवाई अड्डे से उड़ान भरते हैं। A, 20 किमी दक्षिण की ओर उड़ता है। B, 35 किमी पूर्व की ओर उड़ता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 45 किमी उड़ता है, फिर अपनी दाईं ओर मुड़कर 35 किमी उड़ता है। अब A के सापेक्ष B कहाँ है ?

(A) 25 किमी, दक्षिण

(B) 25 किमी, उत्तर

(C) 65 किमी, दक्षिण

(D) 65 किमी, उत्तर

Two aeroplanes start from the same airport. A flies 20 km South. B flies 35 km East, then turns South and flies 45 km, then turns to its right and flies 35 km. Where is B with respect to A now ?

(A) 25 km, South

(B) 25 km, North

(C) 65 km, South

(D) 65 km, North